भारत संचार निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
कार्यालय मुख्य महाप्रबन्धक दूरसंचार
विपणन शाखा, कमरा न0.07, दूरसंचार भवन, लाल कोठी, जयपुर . 302015
दूरभाष न0: 0141.2743316, फैक्स न0.: 0141.2743286

प्रेस विज्ञप्ति क्रमांक: 20/2021
(28.5.2021)

बीएसएनएल के नाम से भेजे जा रहे फ्रॉड मैसेज से सावधान रहने की अपील

बीएसएनएल को पता चला है कि कुछ साइबर ठग केवाईसी अपडेट के लिए 24 घंटे में सिम बंद होने का मैसेज भेजकर उपभोक्ताओं को ठगने के लिए बीएसएनएल केवाईसी अपडेट के नाम से कॉल करके एप डाउनलोड करने के लिए कह रहे हैं । उपभोक्ताओं से उनकी पर्सनल प्रोफाइल से संबंधित जानकारी मांगी जा रही है या एसएमएस के माध्यम से लिंक भेजकर एप इंस्टाल करने के लिए बार बार फ्रॉड मैसेज भेजे जा रहे हैं, जिनसे बीएसएनएल का कोई वास्ता नहीं है । उल्लेखनीय है कि उपभोक्ताओं को सबसे अधिक मैसेज केवाईसी अपडेट करने के लिए आ रहे हैं , ऐसे में उपभोक्ता बीएसएनएल से आया समझकर अपनी पर्सनल डिटेल शेयर कर देते हैं और एटीएम कार्ड नम्बर /ओटीपी बता देते हैं । ओटीपी शेयर करते ही ये साइबर ठग उपभोक्ता के बैंक खाते से पैसे निकाल लेते हैं और कुछ ही देर में उपभोक्ता को बैंक खाते से पैसे कटने का मैसेज मिल जाता है

राजस्थान बीएसएनएल परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक श्री संदीप गोविल ने बताया कि ऐसे मैसेज बीएसएनएल की तरफ से नहीं भेजे जा रहे हैं कृपया उपभोक्ता ऐसे असामाजिक तत्वों और फ्रॉड व्यक्तियों से सावधान रहें जो फ्रॉड मैसेज भेजकर उपभोक्ताओं को ठगने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। हम उपभोक्ताओं से अपील करते हैं कि वे किसी भी प्रकार के फ्रॉड एसएमएस में दिए गए मोबाइल नम्बरों पर कॉल नहीं करें और न ही लिंक पर जाकर एप इंस्टाल करें । बीएसएनएल आपसे कॉल या एसएमएस से आपका नम्बर चालू रखने के लिए कोई जानकारी नहीं लेता है । कृपया सावधान और सतर्क रहें, ओटीपी ,आधार और बैंक संबंधी जानकारी किसी को भी न दें ।

(विकास चंदेलिया)

जन सम्पर्क अधिकारी